प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 04.10.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संकेत धुन

नमस्कार, समाचारों के साथ....... मैं प्रशांत सेंगर

शिवराज-किसान कल्याण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल महाराष्ट्र के वाशिम से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त डालेंगे। देशभर के लगभग 9 करोड़ 40 लाख लाभार्थी किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने भोपाल में मिडिया को बताया कि किसानों के कल्याण के लिए समर्पित मोदी सरकार ने पिछले 120 दिनों में किसान हितैषी अनेक फैसले लिए हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों को अक्टूबर माह से खाद्यान्न वितरण में गेहूं और चावल की मात्रा में परिवर्तन किया गया है। कुछ जिलों में गेहूं तो कुछ जिलों में चावल की मात्रा में बदलाव किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि अक्टूबर माह से अंत्योदय हितग्राही को प्रदेश के भोपाल, सागर, उज्जैन, विदिशा, इंदौर झाबुआ, सहित 26 जिलों में 24 किलोग्राम गेहूं और 11 किलोग्राम चावल प्रति परिवार प्रदान किया जायेगा, वही 1 जिले श्योपुर में 22 किलोग्राम गेहूं और 13 किलो चावल प्रदाय किया जायेगा। इसके अलावा 16 जिलों में 21 किलोग्राम गेहूं और 14 किलोग्राम चावल की मात्रा प्रदान की जायेगी।

शास्त्रीय भाषा

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंजूरी दी है। भाषाओं को शास्त्रीय भाषा के रूप में शामिल करने से विशेष रूप से शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इन भाषाओं के प्राचीन ग्रंथो के संरक्षण दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण से संग्रह, अनुवाद, प्रकाशन और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि हम क्षेत्रीय भाषाओं को लोकप्रिय बनाने की प्रतिबद्धता में भी अटल हैं।

महिला विश्व कप

महिला टी20 विश्व कप में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। टीम इंडिया ग्रुप ए में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी दिग्गज टीमों के साथ एक कठिन ग्रुप में है। अपने दो अभ्यास मुकाबलों में जीत के साथ आत्मविश्वास हासिल कर चुकी भारतीय टीम टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी। भारत 2020 संस्करण में उपविजेता रहा।

पूल/पूजा पी वर्धन/संजीव/प्रशांत/परिहार/60 शब्द

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. सीहोर स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के 5वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कन्या छात्रावास ब्लॉक-2 और युवा छात्रावास ब्लॉक-6 का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को उपाधि एवं पदक भी प्रदान किये.

2. सतना जिले के रहिकवारा में नदी में नहाने गए एक बच्चे की डूबने से मृत्यु हो गयी जबकि चार अन्य बच्चों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया.

3. आगरमालवा जिले के तनोड़िया, कानड़, रामपुर भुण्डवास आदि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर शक्ति अभिनंदन अभियान के अन्तर्गत शक्ति पूजन दिवस का आयोजन हुआ।

4. गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार और समीक्षा समिति की बैठक हुई।

5. शिवपुरी में वृद्धाश्रम मंगलम में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा दल द्वारा कुल 22 वृद्धजनों का परीक्षण किया। इस मौके पर सभी वृद्ध जनों को निशुल्क दवाई भी दी गई। और

6. पन्ना जिले के सलेहा में सट्टा खिलाने वालों पर कार्यवाही न करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने सलेहा थाना प्रभारी सरिता तिवारी, एएसआई शिवेंद्र प्रताप सिंह समेत 3 आरक्षको को निलंबित कर दिया है.

इस बुलेटिन में बस इतना ही...नमस्कार